धनबाद, मंगलवार
30 जनवरी, 2024
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



मंदिर पक्ष ने की ज्ञानवापी सर्वे में मिले शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच की मांग 13

जडेजा-राहुल बाहर, सरफराज और सौरभ को बुलावा 12



# डीपीएस के संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** एथोरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यालय के संस्थापक रमेश गोयनका की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पूरे विद्यालय परिवार ने रमेश गोयनका स्मृतिपटल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। विद्यालय परिवार की ओर से शोक सभा का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने स्व. गोयनका के स्मृतिपटल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रमेश गोयनका ने दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के रूप में एक वृहत उद्देश्य को पूर्ण करने का सूत्र हमें प्रदान किया है। हमारा उत्तरदायित्व है कि अपना शत–प्रतिशत देकर उसकी प्राप्ति में अपने हिस्से की भागीदारी दें। उन्होंने



संस्थापक रमेश गोयनका के स्मृति पटल पर श्रद्धांजलि देतीं प्रधानाचार्य • जागरण

छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि आइये हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपने को साकार करने का दृढ़ संकल्प लें। अपने जीवनकाल में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दिया। केवल शिक्षा ही नहीं वरन समाज सेवक के रूप में भी उन्होंने बड़ी पहचान बनाई। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं, विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।